## खबर संक्षेप

### अकिन की राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में दस्तक



**पांढुर्ना।** यहां रामशांति विद्यामंदिर की छात्रा अकिन बारंगे अपने परिश्रम के बूते योग प्रतियोगिता के लिए राज्यस्तरीय योग प्रतियोगित में शामिल होने के लिए पात्र हो गई। ज्ञात हो कि गत 23 से 25 सितंबर तक बालाघाट में आयोजित संभागीय योग प्रतियोगिता में छात्रा अकिन बारंगे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट स्थान हासिल किया। अकिन ने सधी हुई योगासन प्रस्तुति और संतुलन क्षमता के बल पर ट्रेडिशनल योग में प्रथम और आर्टिस्टिक योग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अकिन की यह उपलब्धि न केवल शाला और परिवार बल्कि पूरे पांढुर्ना जिले के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर संस्था संचालक सुभाष बुधराजा, डायरेक्टर शिवम बुधराजा, प्राचार्या चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले एव समस्त शिक्षको ने योग प्रशिक्षिका मुक्ता नागले और छात्रा अकिन को शुभकामनाएं दी।

### नारद सिंह को पीएचडी उपाधि

**जुन्नारदेव।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में अतिथि ग्रंथपाल के पद पर कार्यरत जुन्नारदेव नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी नारद सिंह यादव को सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट से पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। श्री यादव द्वारा शोध विषय राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा से संबद्ध महाविद्यालय में पुस्तकालय स्वचालन की स्थिति समस्याएं एवं संभावनाएं एक अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य शोध निदेशक डॉ धरमवीर सिंह के मार्गदर्शन में किया है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शोध निदेशक सहित माता-पिता, भाइयों एवं परिवार जनों को दिया है।

## कोयला तस्करी से जुड़े तीन लोगों से पूछताछ, लंबे समय से सक्रिय है माफिया

# बंद ओपन कास्ट में धंसी खदान, अवैध उत्खनन से दो की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

विधानसभा परासिया, पुलिस अनुभाग जुन्नारदेव के अंतर्गत अंबाड़ा की मुआरी बंद ओपन कास्ट कोयला खदान में अवैध रूप से कोयला निकालने के दौरान कोयले की सिम की चपेट में आने से दो युवकों की मौके पर मौत हो गई । एक युवक को गंभीर हालत में छिंदवाड़ा रेफर किया गया । यह घटना बुधवार रात करीब 10 बजे हुई । पुलिस इस मामले में इस क्षेत्र में कोयला तस्करी से जुड़े 3 लोगों से पूछताछ कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार अंबाड़ा के मुआरी कोयला खदान में क्षेत्र के कुछ युवा बंद खदान का मुहाना खोलकर उसके अंदर से कोयला निकाल रहे थे, अचानक कोयले की एक चट्टान धसक गई, जिसकी चपेट में 3 लोग आये इनमें से अंबाड़ा वार्ड 14 निवासी 19 वर्षीय मोहम्मद उबैद , वार्ड 15 निवासी हातिम खान की मौत हो गई, वहीं 20 वर्षीय मुकेश यादव के गंभीर घायल होने पर उसे छिंदवाड़ा रेफर किया गया था।

इधर घटना की खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फेल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच शवों को अपने कब्जे में लिया और पोस्ट मार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया । दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार गुरुवार को स्थानीय कब्रिस्तान में किया गया । प्राथमिक जांच के बाद सामने आई जानकारी के आधार पर पुलिस ऐसे 3 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है । इस घटना से क्षेत्र में जारी अवैध कारोबार को उजागर करने के साथ - साथ वेकोली प्रबंधन और पुलिस की लापरवाही को भी उजागर किया है ।



### विधायक ने की आर्थिक सहयोग की घोषणा

घटना की खबर मिलते ही परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि अंबाड़ा पहुंचे और पीड़ति परिवार के लोगों से मिलने के साथ ही आर्थिक सहयोग करने की बात कही ।

### सुरक्षा गार्डों की मौजूदगी में हुई चोरी, प्रबंधन की लापरवाही उजागर

सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब खदानों पर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं, तो फिर सुरंग बनाकर करोड़ों का कोयला चोरी कैसे हो गया? क्या सुरक्षा गार्डों ने आँखें मूँद ली थीं या फिर कोल माफियाओं की मोटी रिश्वत ने उनकी जुबान बंद कर दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना सुरक्षा की मिलीभगत के इतनी बड़ी पैमाने पर चोरी नामुमकिन है। प्रबंधन की लापरवाही और देरी घटना की जानकारी मिलते ही परासिया एसडीएम, जुन्नारदेव एसडीओपी सुनील बरकड़े, परासिया एसडीओपी जितेंद्र जाट, थाना प्रभारी राकेश बघेल, उप थाना प्रभारी मुकेश डोंगरे और अंबाड़ा चौकी प्रभारी संजय सोनवाने मौके पर पहुँचे और जनसहयोग से रेस्क्यू अभियान चलाया। लेकिन सवाल उठता है कि वेकोलि प्रबंधन घटनास्थल पर देर से क्यों पहुँचा। जिलेभर के ईंट-भट्टों तक यह चोरी का कोयला धड़ल्ले से पहुँचता है। टिमनी, सावरी, उमरेठ और चांदामेटा के रास्तों से यह गोरखधंधा दिन-रात चलता है। चोरी का कोयला ईंट पकाने में इस्तेमाल होता है और फिर बाजार में महंगे दामों पर बेचा जाता है। सवाल उठता है कि क्या यह पूरा कारोबार नेताओं और विभागीय अधिकारियों की सरपरस्ती के बिना संभव है।

### अब भी नहीं जागे तो आगे और भी घटनाएं हो सकती है?

अगर सरकार और प्रशासन ने अब भी इस खेल पर नकेल नहीं कसी, तो आने वाले दिनों में और बेगुनाह मजदूर इन काली सुरंगों में दफन होते रहेंगे और माफिया, नेताओं की शह पर, खुलेआम करोड़ों की तिजोरियाँ भरते रहेंगे। इसके पूर्व भी इन कोल माफियाओं के खिलाफ आवाजें उठती रही है। मगर दिखावे और नाममात्र की कार्यवाही के कारण हौसले इतने बुलंद है कि कार्यवाही का कोई खौफ नहीं है। लेनदेन कर मामले को रफादफा करना और लेन देन स्वीकार करना कोल माफिया प्रशासन डब्ल्यूसीएल के अधिकारियों की आदत में शामिल हो चुका है।

### आज अनशन पर बैठेंगे विधायक वाल्मीकि



**परासिया :-** परासिया क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण बच्चों में फैल रही गंभीर किडनी की बीमारी के विरोध में परासिया विधायक सोहनलाल बाल्मीक कल 26 सितंबर को एक दिवसीय अनशन करेंगे । यह अनशन सुबह 9 बजे से पुरानी नगरपालिका के पास , अम्बेडकर चौक पर होगा। अनशन के बाद , दोपहर 2 बजे धरना प्रदर्शन किया जाएगा और शासन - प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा ।लंबे समय से इस गंभीर बीमारी के बारे में शिकायतें और ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद, शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इस बीमारी के कारण क्षेत्र में कई बच्चों की दुखद मृत्यु हो चुकी है और कई बच्चे अभी भी इलाजरत हैं । विधायक सोहनलाल बाल्मीक ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए, पीड़ित परिवारों के लिए न्याय की मांग की है और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्रशासन पर दबाव बनाने का फैसला किया है।इस अनशन और प्रदर्शन में क्षेत्र के सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, पीड़ित परिवारों और नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है ताकि यह आवाज और बुलंद हो सके ।

### मजदूरों से कोयला खरीदते है माफिया, कौड़ियों के दाम खरीदा जाता है कोयला

पूरे कोल माइंस इलाके में खदानों को बंद कर ओपनकास्ट खदानें खोली जा रही है। घटनास्थल पर भी ऐसा ही किया गया है। बंद खदानों पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था न होने से कोल माफिया इसका भरपूर लाभ उठाते है। मजदूरों से कोयले की खुदाई करवाकर उनसे बहुत कम दामों पर कोयला खरीद लेते है। फिर यह कोयला आसपास के क्षेत्रों में ईंट भट्टों में सप्लाई होता है। इस पूरे कारोबार में प्रशासन के लोग, पुलिस प्रशासन , डब्ल्यूसीएल के कुछ कर्मचारी, कोल माफियाओं के अलावा परिवहन में लगे ट्रैक्टर डंपर शामिल है। यह एक बेहद ही सुनियोजित तरीके से किया जाने वाला कारोबार है जो कई वर्षों से कोयलांचल में पोषित किया जा रहा है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति चल रही है। मिली भगत से कोयले के कारोबार से लाखों, करोड़ों रूपए वारे न्यारे किए जा रहे है। यह बात सर्वविदित होने के बाद भी प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।



### दो युवकों की मौत अब सवालों के घेरे में, कौन है जिम्मेदार?

ओपन कास्ट खदानों से कोयला खनन बंद होने के बाद इनको विधिवत पुराव डालकर बंद किया जाना चाहिए और सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए ताकि मजदूर या कोल माफिया उन खदानों से कोयला न निकाल सके। अवैध कोयले के खनन को बढ़ावा देते माफियाओं पर भी शिकंजा कंसने की आवश्यकता है। अवैध ट्रैक्टर का परिचालन, कोयला परिवहन और ईंट के भट्टों पर सतत दबिश दी जाए तो इस पूरे सुनियोजित काले कारोबार पर नियंत्रण किया जा सकता है। दो युवकों की मौत ने एक बार फिर प्रशासन को जगा दिया है। कोल माफिया दुबकर बैठ गए है। जिम्मेदार कौन है यह तय नहीं है। शायद जिम्मेदारी तय भी नहीं होगी क्योंकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। डब्ल्यूसीएल कोल माफिया प्रशासन या अन्य संस्थाएं जो जिम्मेदार है पल्ला झाड़ते नजर आएंगी। चार दिन की कार्यवाही के बाद मामला कागजों में ही दम घोंट देगा। इतिहास तो यही कहता है।

## मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**चौरई।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं महात्मा गांधी चित्रकूट विश्वविद्यालय द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का शुभारंभ आज संदीपनी हायर सेकंडरी विद्यालय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य एवं विकासखंड समन्वयक एडवोकेट श्रीमती ललिता कुसरे, परामर्शदाता संदीप शर्मा, मनीष तिवारी, गहर सिंह मेंढोले, श्रीमती संगीता पांडे, अकील अहमद एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। श्री वर्मा जी ने बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू कोर्स के विषय में कहा कि यह कोर्स समाज सेवा के लिए अग्रणी स्थान रखता है। विकासखंड समन्वयक द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान द्वारा किए जा रहे कार्यों की विवेचना की गई।संदीप शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन चरित्र पर विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। श्रीमती संगीता पांडे ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित छात्राओं एवं लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। जाहर सिंह महेंद्र ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे ₹एक पेड़ मां के नाम₹ के अंतर्गत पौधारोपण में सहयोग प्रदान किया।संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था अकील अहमद एवं मनीष तिवारी द्वारा की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के शुभारंभ पर बधाई दी और इसके सफल आयोजन की कामना की।



## कुर्सीढाना में सेवा पर्व उत्सव में हुआ एक हजार पौधों का रोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

सेवा पखवाड़ा में हर विभागों में विविध आयोजन जारी है। तामिया वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कुर्सीढाना में नमो उप वन स्थापना सेवा पर्व के तहत हुई जिसमें वृहद पौधरोपण कार्यक्रम कक्ष क्रमांक पी 226 ग्राम कुर्सीढाना रकबा 2 हेक्ट में 1000 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उप वनमंडल अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रंजना ठाकुर,जनपद अध्यक्ष तुलसा परतेती,सरपंच राजेन्द्र ठाकुर,वन परिक्षेत्र अधिकारी हिमांशु विश्वकर्मा,भाजपा नेता मदन साहू,जगदीश श्री वाड़ीवा,शिक्षिका श्रीमती ऊइके, सहित समस्त वन अमला मौजूद रहा। एसडीओ फारेस्ट श्रीमती ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। रेंजर हिमांशु विश्वकर्मा ने स्कूली बच्चो को पौधरोपण का प्रशिक्षण देते हुए कहा कि इसकी देखरेख सुरक्षा करने से ही आज कार्यक्रम सफल होगा।

## जल्द होगा मतदाता सूची वेरिफिकेशन कार्य

### 2003 से 2024 की सूचियों का होगा मिलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्ना आज स्थानीय कलेक्टर सभाकक्ष मतदाता पुनरीक्षण जागरण के बारे में जिला स्टैंडिंग कमेटी इलेक्टशन की कलेक्टर अजय देव शर्मा की प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुई। इस बैठक में अनेक जनप्रतिनिधि तथा अधिकारीगण मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों को बताया गया कि आगामी समय में पांढुर्ना जिले में मतदाता पुनरीक्षण संबंधी निर्वाचन आयोग का आदेश कभी भी आ सकता है। इसमें वेरिफिकेशन कैसे होगा इस पर कलेक्टर अजय देव शर्मा और एसडीएम अलका शर्मा ने जनप्रतिनिधियों को बताया। बैठक में तहसीलदार विनय ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सदन साहू, पंकज नाईक, कांग्रेस के प्रतिनिधि अधिवक्ता श्रीमान काटवले, नारायण वाडबुधे तथा अन्य मौजूद रहे।

बैठक में बताया गया कि पांढुर्ना में कुल 278 और सौंसर में कुल 253 मतदान केंद्र पहले से है। लेकिन निर्वाचन आयोग की नई गाइडलाइन के अनुसार पांढुर्ना में 24 और सौंसर में 23 मतदान केंद्र बढाए गए है। निर्वाचन आयोग का प्रयास है कि 1 मतदान केंद्र के लिए 1200 मतदाता पर्याप्त है। वर्तमान में स्थानीय निर्वाचन अधिकारियों के पास बिहार निर्वाचन आयोग के पुनरीक्षण प्रक्रिया उपलब्ध है। लेकिन आनेवाले समय में म.प्र. चुनाव आयोग बीच बीच में इसे अपडेट करने निर्देश जारी करेगा। इस अभियान में 2003 से लेकर 2024 की मतदाता सूची का मिलान करेंगे। सूचियों की समीक्षा करने के लिए शासन की ओर प्रति मतदान केंद्र पर 1 बीएलओ तथा राजनीतिक दलों की ओर से उनका 1-1 बीएलए रखा जाएगा। बीएलओ और बीएलए को संयुक्त रूप से यह पुनरीक्षण कार्य करना होगा।

### बड़ी माता मंदिर में 500 से अधिक महिलाओं ने किया सुहागले पूजन

**छिंदवाड़ा।** शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर नगर शक्ति पीठ श्री बड़ी माता मंदिर में आज श्रद्धा और उत्साह से परिपूर्ण वातावरण में सामूहिक सुहागले पूजन का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। स्थानीय मानस भवन में आयोजित इस विशेष अनुष्ठान में 500 से अधिक महिलाओं ने एक स्वरूप में भाग लिया। कार्यक्रम में सभी मातृशक्तियों ने लाल-पीली साड़ी धारण कर पारंपरिक श्रृंगार के साथ हल्दी-कुमकुम, चूड़ी-बिंदी वितरण और विधिवत पूजन-अर्चन किया। पूरे आयोजन में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। सभी सहभागी महिलाओं के लिए विशेष फरारी प्रसाद की भी व्यवस्था की गई। मंदिर नवनिर्माण के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए, श्री बड़ी माता महिला मंडल द्वारा सामूहिक रूप से 61,000 से अधिक राशि एकत्रित कर मंदिर ट्रस्ट को दान स्वरूप प्रदान की गई।



## एसडीएम ने अस्पताल प्रबंधन को हड़काया

### महिला वार्ड में नहीं मिला पेयजल, स्वच्छता का मिला अभाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज शाम 5 बजे के जिला कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देश पर एसडीएम अलका इक्का यहां के सिविल अस्पताल में अचानक पहुंच गई। वार्डों के निरीक्षण के दौरान महिला वार्ड में पेयजल का पूर्णतः अभाव पाया गया। इसके साथ ही महिला वार्ड में सफाई व्यवस्था कमजोर पायी गई। सिविल अस्पताल जिला छिंदवाडा का बोर्ड देखकर एसडीएम मैडम चकित रह गई। इन्होंने अस्पताल प्रबंधन को जिला पांढुर्ना के नाम का बोर्ड जल्द बनाए जाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही एसडीएम मैडम वार्डों में मरीजों के लिए सुविधा की कमी और साफ सफाई का अभाव पाए जाने पर खूब नाराज हुई। इन्होंने अस्पताल प्रबंधन को हडकाया कि इन खामियों को दूर नहीं किया गया तो उनके खिलाफ कारवाई की जाएगी।

### शासकीय कॉलेज दमुआ में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार थीम पर कार्यक्रम संपन्न

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" विषय पर सेनेटाइजेशन प्रोग्राम के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस अवसर पर दमुआ के विशाल मेडिकल के आनर श्री विशाल श्रीवास्तव मुख्य आकर्षण रहे। उन्होंने छात्राओं और महिला शिक्षक को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए और महिलाओं की सेहत एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रेरक विचार रखे।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की पुरुष इकाई के प्रभारी दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार सहित छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## महाबोधि महाविहार मुक्ति का सौंसर बौध्द समाज ने लिया संकल्प

# हजारों बौद्ध अनुयायी हुए धम्म ध्वज यात्रा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के बाजार चौक में विशाल धम्म ध्वज यात्रा समापन समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन में महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश से 8000 से अधिक बौद्ध अनुयायियों एवं भिक्खु संघ ने उपस्थित होकर महाबोधि महाविहार को मुक्त करने का संकल्प लिया।

इस दौरान श्री छत्रपति शिवाजी महाराज नमन करते हुए यात्रा प्रमुख भन्ते वीनाचार्य की प्रमुख उपस्थिति में बौद्ध समाज ने 200 मीटर लंबे पंचशील ध्वज को लेकर महाबोधि महाविहार मुक्त करने की माग की, समापन समारोह की अध्यक्षता श्रीलंका से आए संघनायक पूज्य भन्ते रेवतजी ने की, मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य भन्ते खेमधम्मो, प. पूज्य ज्ञानज्योतिजी, भते महाथेरो पेयानन्दजी,भन्ते समोब्धिजी,भते सारिपुत्रजी,भन्ते सूर्यज्योति सीजेआई भूषण गवई,की माता कमलाताई गवई,दीक्षाभूमि स्मारक समिति ट्रस्टी विलास गजघाटे,यात्रा संयोजक,नितिन गजभिए,राकेश धरगावे, योगेश राउत, स्मिता वाकडे आदि थे।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए धम्म ध्वज यात्रा प्रमुख भन्ते वीनाचार्यजी ने कहा कि जिस तरह मंदिरों में हिंदू समाज के पुजारी, मस्जिदों में मौलाना,ओर चर्च में पादरी को उनके पूजा स्थलों के पूर्ण अधिकार सोपे गए है। उसी तरह बौध्दगया महाबोधि महाविहार को भी बौद्धों को पूर्ण रूप से सोपा जाना चाहिए। साथ ही बीटी एक्ट 1949 रद्द किया जाना चाहिए।

इसीलिए16 अगस्त से नागपुर की पावन दीक्षा भूमि से संपूर्ण देश में धम्म ध्वज यात्रा का शुभारंभ किया गया था, आज सौसर में समापन है।अब जंतर मंतर दिल्ली में 12 फरवरी को किया जाएगा, जिसमें संपूर्ण देश के लाखों बौद्ध अनुयाइयों के साथ 1000 श्रमनेर भिक्षुओं को आंदोलन होंगा, उपरोक्त उदद्गार यात्रा प्रमुख पूज्य,भन्ते विनाचार्य ने बाजार चौक में आयोजित धम्म ध्वज यात्रा समापन समारोह में व्यक्त किया।




### गायक विकास राजा ने बताई महाबोधि महाविहार की संघर्ष गाथा

इस दौरान मशहूर भीम बुद्ध कव्वाली गायक विकास राजा के द्वारा महाबोधि महाविहार मुक्त करने को लेकर प्रबोधन कावलियों की प्रस्तुति दी।आयोजन के दौरान भिक्खु संघ की उपस्थिति में हजारों लोगों ने महाबोधि महाविहार मुक्ति के लिए हर लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया,कार्यक्रम का संचालनमुकेश बागड़े ने किया,समापन अवसर पर महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के शहरों से यात्रा ने भृमण ओर सफल आयोजन को लेकर 318 लोगो को ट्रॉफीया प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भाजपा नगर मंडल ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

छिंदवाड़ा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव द्वारा स्थानीय दीनदयाल उद्यान में मनाई गई। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। उनके द्वारा किए गए कार्यों को साझा किया गया।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, जिला मंत्री स्मृति यादव, मंडल महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु काका अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन, मोनू जैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष भुवनेश्वरी ,मंडल कोषाध्यक्ष मनीष बंटी साहू वरिष्ठ नेता अमरदीप राय जी सहित भाजपा के नेता जनप्रतिनिधि ओर ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। नगर के वार्ड क्रमांक 8 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई इसके बाद वार्ड क्रमांक 08 के पार्षद प्रमोद बंदेवार द्वारा पंडित उपाध्याय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्र प्रकाश शर्मा, वार्ड अध्यक्ष राजेश नागवंशी, पुष्पा कहार, टीकाराम कुशवाहा, सतीश सूर्यवंशी, दुर्गेश सूर्यवंशी, सागर सूर्यवंशी, सूपचंद आम्रवंशी सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित हुए।

### संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन के पास से रैली लेकर निकले

# फसल और नसल बचाने कांग्रेस और आदिवासी विकास परिषद ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

गुरुवार को आदिवासी विकास परिषद और ब्लाक कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के लोगों ने महामहिम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा । उनका कहना है , कि वे अपनी फसल और नसल को बचाने सड़क पर उतरे हैं ।आदिवासी विकास परिषद और ब्लाक कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में प्रदेश भर में आदिवासियों के साथ हो रहे अत्याचार , महिलाओं के शोषण , आदिवासियों की भूमि सस्ते दामों में खरीदने के बाद कन्वर्ट कर महंगे दामों में बेचना , वन भूमि से आदिवासियों को हटाने आदि के खिलाफ और आदिवासी धर्म कोड बनाने , ब्लाक में आदिवासी भवन बनाने , वेकोली के कब्जे में खाली पड़ी उनकी जमीने उन्हें वापस करने जैसी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया । संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन के पास से रैली लेकर निकले । इस दौरान सरकार और जिला सांसद , जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे । यहां पुतला जलाया गया और वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में सरकार पर निशाना साधा । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष धन्नू धुर्वे , विधानसभा प्रभारी राकेश सरेयाम , ब्लाक अध्यक्ष अकबरशा भलावी , ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय , समन्वयक बसंत मालवीय , नगर अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह , संतोष भारती , ब्रजकुमारी सरेयाम , अंजलि श्रीवास्तव , पार्षद प्रतिभा सोनी , सावित्री वर्मा , आदिवासी नेता सुरेंद्र उइके , राहुल काकोड़िया , बालाराम परतेति , दशरथ उइके , संजय परतेति और अशोक उइके सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज और कांग्रेस के लोग मौजूद रहे ।

## स्वच्छता पखवाड़ा में एफडीडीआई ने किया श्रमदान



छिंदवाड़ा। 25 सितम्बर के शुभ दिन पंडित दीनदयालजी उपाध्याय की जयंती के अवसर पर स्वछता पखवाड़ा 5.0 के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत ऍफ़ डी डी आई छिन्दवाड़ा संस्थान के अधिकारी, कर्मचारीयों एवं छात्र - छात्राओं द्वारा छिंदवाड़ा शहर के शिवाजी पार्क, अमर शाहिद स्मारक एवं दीनदयाल पार्क में एक दिन - एक घंटा - एक साथ की थीम पर श्रमदान किया गया ओर जन मानस को स्वच्छता का सन्देश दिया।कार्यक्रम के दौरान नगर के पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क में नगर पालिक निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने ऍफ़ डी डी आई परिवार के सभी सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई, जिसमे केंद्र प्रभारी अरित्रा दास, स्वच्छता पखवाड़ा 5. 0 कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती हर्षिता चौरसिया सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता प्रेमी सम्मिलित हुए और सभी ने छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

## श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ किया सीता का वरण

जुन्नारदेव। नगर के श्रीरामलीला मंच, विजय स्तंभ पर बीती रात्रि को श्री रामलीला के तृतीय दिवस को शिव धनुष यज्ञ, रावण बाणासुर संवाद एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला का मंचन किया गया। इस लीला में ऋषि विश्वामित्र के साथ सीता स्वयंवर में दशरथ पुत्र श्री राम और लखन जा पहुंचते हैं। यहां पर पाताल नरेश बाणासुर और लंकाधिपति रावण भी जा पहुंचते हैं। सीता स्वयंवर के नियम अनुसार शिव धनुष के नहीं उठाए जाने पर रावण की जग हसाई हो जाती है लेकिन इसी बीच उसकी बहन कुंभनिशा के यमदानव के द्वारा अपहरण किए जाने की सूचना मिलने पर वह लंका की ओर लौट जाता है। इसके पश्चात विभिन्न राजाओं के असफल हो जाने के बाद राजा जनक की प्रतिज्ञा अनुरूप शिव धनुष का भंजन भगवान श्री राम के द्वारा किया जाता है तत्पश्चात जनक पुत्री सीता के द्वारा उनका वरण किया जाता है। शिव धनुष के इस तरह टूटे जाने पर संपूर्ण ब्रह्मांड में तेज ध्वनि का संचार होता है जिसको सुनकर ऋषि परशुराम क्रोधित अवस्था में स्वयंवर स्थल पर आ धमकते हैं। यहां पर वह लक्ष्मण के साथ उलझ जाते हैं रामलीला में इस प्रसंग की लीला देर रात तक चलती रही जिसमें लक्ष्मण और परशुराम के बीच क्रोध और व्यंग्य का बेहतरीन सम्मीमिश्रण देखने को मिला था। आज की इस लीला में प्रमुख पात्रों के रूप में अनुरूप शर्मा (श्री राम), शैलेंद्र मिंटू शर्मा (लक्ष्मण), हर्ष सोनी (सीता), शंकर लाल सेन (परशुराम), दुर्गा प्रसाद डहाट (रावण), मुन्ना लाल जमधरिया (बाणासुर) एवं तरुण बत्रा (पिट्ठल नरेश) की भूमिका में नजर आए। श्री सीता स्वयंवर के दौरान विभिन्न देश के राजाओं का आगमन जनकपुरी में होता है। इसी कड़ी में श्री रामलीला समिति के एक काल्पनिक पात्र पिट्ठल नरेश का भी किरदार इस स्वयंवर में होता है। बीती रात की लीला में अपनी व्यंग्य और मसकरेपन के सम्मिश्रण के साथ पिट्ठल नरेश की भूमिका में तरुण बत्रा ने उपस्थित दर्शकों को खासा गुदगुदाया, जिससे दर्शक लोटपोट होते दिखाई दिए। पिट्ठल नरेश की भूमिका को निभा रहे तरुण बत्रा (पत्रकार) की वेशभूषा, संवाद, हाव-भाव तथा अभिनय पर दर्शकगण अपनी हंसी नहीं रोक पा रहे थे। दर्शकों ने उनकी इस भूमिका को अत्यधिक रूप से सराहा था।



## दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

वदेशी अपनाओ देश बचाओ अभियान चलाया मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बीएमडब्ल्यू/ एमएसडब्ल्यू की कक्षाओं के सत्रारंभ का कार्यक्रम महाविधालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ युवा प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद तथा एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के उपलक्ष्य में उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर व्याख्यानमाला भी आयोजित की गई।जिसके पश्चात कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण अभियान के अंतर्गत स्वदेशी का भाव जाग्रत करते हुए संगोष्ठी, तथा शपथ ग्रहण का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ। सत्रारंभ कार्यक्रम में विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम द्वारा बीएसडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू कार्यक्रम का उद्देश्य तथा भविष्य में इसकी उपयोगिता तथा समाज का नेतृत्व करने के लिए नेतृत्वकर्ता तैयार करने में पाठ्यक्रम की भुमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

मध्य प्रदेश जन अभियान छिंदवाडा विकास खंड बिछुआ मे छात्रों को बताये स्वदेशी का मूल मंत्रआज शासकीय महाविधालय बिछुआ में जन अभी यान परिषद दवारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी की पहल, पर स्वदेशी अभी यान के तहत छात्रों प्रस्फुटन समिति के सदस्यों को को स्वदेशी वस्तु खरीद पर कार्य शाला का आयोजन किया गया जिसमे मदन दिगरसे सामाजिक कार्यकर्ता के दवारा अपने उद्बोधन मे स्वदेशी वस्तु को खरीद कर कैसे अपने देश को आत्म निर्भर बना सकते है सभी वक्ताओ, के दवारा मार्ग दर्शन किया गया।

## सेवा पखवाड़ा एवं सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत मिनी मैराथन 28 को

जुन्नारदेव। सेवा पखवाड़ा एवं सांसद खेल महोत्सव-2025 एवं आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन 28 सितंबर रविवार को सुबह 6:00 के किया जाना है। यह प्रतियोगिता 14, 17 एवं 19 वर्ष से अधिक के बालक बालिकाओं के लिए आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खेल एवं खिलाड़ियों के प्रति लगाव रखना, शहर की युवा पीढ़ी फिट इंडिया स्वस्थ इंडिया के मुख्य उद्देश्यों से परिचित हो उसी को देखते हुए सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। किसी कड़ी में भाजपा नगर मंडल द्वारा 05 किलोमीटर मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाना है। यह प्रतियोगिता सुबह 6:00 बजे विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय जुन्नारदेव से प्रारंभ होगी जो शहर के विभिन्न चौराहों से होते हुए 5 किलोमीटर का सफर तय कर अपने पढ़ाओ विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय पहुंचेगी जहां पर प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा। नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने क्षेत्र के समस्त युवाओं से सेवा पखवाड़ा एवं सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित होने वाली मिनी मैराथन दौड़ में भाग लेकर फिट इंडिया स्वास्थ्य इंडिया के उद्देश्यों को पूर्ण करने की अपीलकी है।

### सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के रूप में सम्मानित हुई डॉक्टर नागवंशी

जुन्नारदेव। 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना की 57 वीं स्थापना वर्षगाठ के अवसर पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ जिला संगठक के रूप में छिंदवाड़ा जिले के रविंद्र नाफड़े एवं संभाग स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के रूप में डॉक्टर रशिम नागवंशी शासकीय महाविद्यालय जुनारदेव को सम्मानित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक शोभाराम मेहरा, पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज, छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉक्टर वाय के शर्मा, शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के प्राचार्य डॉक्टर ए के टांडेकर समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ संगीता वाशिंगटन प्रो आर डी वाडीवा, प्रो आर के चंदेल एवं गणमान्य नागरिकों ने बधाई प्रेषित की।

### वन अमले ने वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति दिया जागरूकता का संदेश

# खैरलांजी वन विभाग ने हथौडा में वन्य जीव संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



25 सितंबर गुरुवार को वन परिक्षेत्र खैरलांजी सामान्य में श्रीमान मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त बालाघाट के निर्देशानुसार श्रीमान अधर गुप्ता वनमण्डलअधिकारी दक्षिण (सा0) वनमण्डल बालाघाट एवं श्रीमान बी.आर. सिरसाम उपवनमण्डलाधिकारी कटंगी (सा.) के मार्गदशन में वन विभाग खैरलांजी के द्वारा जन जागरुकता रैली निकालकर वन्यजीव संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर वन विभाग के पदाधिकारीयो के द्वारा सहायक वन परिक्षेत्र कटोरी ग्राम से बाइक द्वारा ग्राम चोरपिंडकेपार, टुईयापार, छतेरा, पुलपुटा, हरदोली, गर्रा चौकी होते हुए पंचायत भवन हथौड़ा में पहुंचकर बाघ चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया एंव वन्यजीवो के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया । जिसमे बीडीसी श्री दिनेश नागदेवे, हथोड़ा सरपंच नीलचंद गौतम, सचिव अजित बोरकर एंव परिक्षेत्र अन्तर्गत आने वाली समितियों के समस्त अध्यक्ष एवं सदस्यों तथा ग्राम हथौड़ा के ग्रामवासियों एवं स्कूली छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। इस दौरान बाघ चौपाल कार्यक्रम में वन्यजीव संघर्ष में आत्म रक्षा हेतु जागरूक्ता तथा वन्यजीव के संरक्षण के संबंध में बताया गया। जिसमे प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक रविकुमार रजक, परिक्षेत्र अधिकारी डी. सी. वासनिक, परिक्षेत्र सहायक मिरगपुर दिलीप उके, प. स. कटोरी विजयसिंह कुसरे, प. स. खैरलाँजी युवराज बोरकर एवं समस्त वन अमला उपस्थित रहा।

## आज होगा द रॉक डायमंड फुटबॉल एकेडमी और राजस्थान पुलिस बीकानेर राजस्थान के बीच जंगी मुकाबला



हरिभूमि न्यूज उकवा। मॉयल लिमिटेड सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में 64वां मॉयल सार्वजनिक दुर्गा उत्सव के महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अखिल भारतीय नॉकआउट कम लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 सितंबर 2025 से मॉयल ग्राउंड उकवा खान मे कराया जा रहा है जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री निषाद निकोंसे खान प्रबंधक उकवा के द्वारा किया गया दूसरा दिन टूर्नामेंट का पहला मैच मॉयल ईलेवन नागपुर महाराष्ट्र एं मदन महाराज भोपाल के मध्य खेला गया जिसमें मॉयल ईलेवन नागपुर की टीम ने मदन महाराज भोपाल की टीम को 3-0 गोल से परास्त कर विजय हासिल की इसी तरह टूर्नामेंट का दूसरा मैच साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे नागपुर महाराष्ट्र एवं पुलिस बॉयज बालाघाट के मध्य खेला गया जिसमें दोनों ही टीम खेल के निर्धारित समय तक 0-0 की बराबरी पर रही जिनका निर्णय पेनल्टी शूटआउट से किया गया जिसमे नागपुर रेलवे की टीम ने 6-5 गोल से गोल से विजय हासिल की टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि श्री जयंत प्रधान खान प्रबंधक अंडरग्राउंड जेम्स बारीक सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष अजय बडोले राहुल धुर्वे विनय टांडी हेमंत बाग ओमेंद्र बिसेन नईम खान आज खेले जाने वाला पहला लीग मैच द रॉक डायमंड फुटबॉल एकैडमी एव राजस्थान पुलिस बीकानेर राजस्थान के मध्य खेला जाएगा इसी तरह आज का दूसरा मैच रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर छत्तीसगढ़ एव उड़ीसा स्टेट फुटबॉल टीम कटक उड़ीसा के मध्य खेला जाएगा आज रात्रि में आर्केस्ट्रा मेलोडी संबलपुरी एल्बम फ्रेम मां समेली साजन सोना की रंगारंग प्रस्तुति दी गई । आज दी जाएगी छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम चंदेली गोंदा की दिनेश साहू द्वारा शानदार प्रस्तुती। पहले मैच के मुख्य निर्णायक मुकेश तिलसी बालाघाट सुरेश विश्वकर्मा कुलदीप रघुवंशी गौरव पाचे दूसरा मैच के मुख्य निर्णायक विकास वडकडे आरके गुप्ता रोहित यादव नितेश मरावी मैच कमिश्नर शाहरुख कुरेशी।

## दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में महाराष्ट्र अर्जुनी की टीम बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। वारासिवनी विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत अतरी में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में महाराष्ट्र प्रदेश के ग्राम अर्जुनी की टीम ने सालेबर्डी की टीम को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। इस कबड्डी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश,महाराष्ट्र,छत्तीसगढ़ की 15 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मैच महाराष्ट्र प्रदेश के ग्राम अर्जुनी और सालेबर्डी की टीम के बीच खेला गया था ।जिसमे महाराष्ट्र अर्जुनी की टीम ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन कर सालेबर्डी की टीम को परास्त कर दिया। सालेबर्डी की टीम एक समय आसान जीत की ओर दिखाई दे रही थीं, लेकिन महाराष्ट्र अर्जुनी की टीम ने शानदार प्रदर्शन के दम पर सालेबर्डी की टीम के पसी ने छुड़ा दिए और अंत में महाराष्ट्र अर्जुनी की टीम जीत गई। प्रतियोगिता की विजेता अर्जुनी टीम को विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते सात हजार रूपये व उपविजेता टीम सालेबर्डी को पांच हजार रूपये व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## शासकीय महाविद्यालय लांजी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज लांजी। लांजी के शासकीय महाविद्यालय में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के शुभारंभ सत्र और स्वदेशी जागरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती भी मनाई गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजकुमार कर्राहे उपस्थित हुए। उनके साथ मंच पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष योगेश रामटेक्कर, महाविद्यालय प्राचार्य आर.आर सोनवाने, जनअभियान परिषद विकासखंड समन्वयक संतोष नगपुरे, मंडल अध्यक्ष देवेश ऐड़े, लांजी मंडल महामंत्री गौरव बैस और समाजसेवी रमेश आसटकर भी मौजूद थे।कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र में पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद वक्ताओं ने अपने उद्बोधन प्रस्तुत किए। विधायक राजकुमार कर्राहे ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंत्योदय का नारा दिया था, जिसका अर्थ है समाज के सबसे निचले स्तर पर मौजूद व्यक्ति का कल्याण। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय राष्ट्रवाद और संस्कृति को समझना आवश्यक है और भारत की जड़ों से जुड़ी राजनीति, अर्थनीति और समाज नीति ही देश के भाग्य को बदलने का सामर्थ्य रखती है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता और नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप कुमार रामटेककर, अशोक घरते, विजय हटीले, ज्योति शकरपुडे, नीलेश्वर ठाकरे और समस्त महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## बहुजन समाज पार्टी ने लांजी अनुभाग अधिकारी को विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज लांजी। लांजी तहसील में बहुजन समाज पार्टी के द्वारा 22 सितंबर को सालेटेकरी रोड पर स्थित गोंडवाना भवन में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने लांजी क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं को देखते हुए उनकी मांगों को लेकर चर्चा की वहीं चर्चा के उपरांत गोंडवाना भवन से रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल के नाम लांजी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया बहुजन समाज के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में निम्न समस्या को लेकर मांगे की जिसमें *शिक्षा व्यवस्था में सुधार*: ग्राम नेवरवाही के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में बारिश का पानी रिसाव होता है, जिससे बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या का समाधान किया जाए।

ग्राम सर्रा नदी पर बने पुल के दोनों छोर से सड़क पर बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिससे आवागमन में परेशानी होती है और बड़ी दुर्घटना होने की संभावना रहती है। इन गड्ढों को भरवाया जाए। ग्राम मिरिया के बौद्ध विहार प्रांगण में विद्युती विभाग द्वारा लगाया गया ट्रांसफार्मर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। इसे अन्यत्र स्थान पर लगाया जाए। लांजी जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम ओटेकसा एवं महारटोला, जामुन टोला के बीच एक नाला पड़ता है, जो बारिश के मौसम में आवागमन में भारी दिक्कत पैदा करता है। इस नाले पर पुल निर्माण किया जाए।- सभी शासकीय विभागों में ठेकेदारी प्रथा बंद की जाए और एससी, एसटी एवं ओबीसी के बेक लॉक पदों पर पुनः भर्ती की जाए। लांजी क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों ने अपनी संपत्ति बेचकर डबल मनी में राशि लगाई थी, जो वर्तमान समय तक अप्राप्त है। इस राशि को दिलवाया जाए। साथ ही, किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये दिलाया जाए। इन सभी मांगों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए इन्हें पूर्ण करने की मांगे रखी गई वहीं मध्य प्रदेश कि भाजपा सरकार की निष्क्रियता को आईना दिखाया गया ज्ञापन सौंपने वालों बहुजन समाज पार्टी से दुर्गेश बिसेन जिला प्रभारी बसपा, इंजीनियर महेंद्र जिला अध्यक्ष बसपा, जी डी चौरे विधानसभा प्रभारी लांजी किरनापुर,हेमंत रामटेक विधानसभा अध्यक्ष लांजी किरनापुर, बी एल खोबरागड़े विधानसभा महासचिव,ईश्वर मानकर विधानसभा उपाध्यक्ष,सी एल बोरकर भानेगांव जोन प्रभारी,सरोज डोंगरे किरनापुर जोन प्रभारी एवं बहुजन समाज पार्टी के सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### विधायक पटेल ने अधिकारियो के साथ दशहरा मैदान का किया निरीक्षण

# धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा पर्व



### महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की शिव तांडव की चलित झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र-विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को मनाए जाने वाले ऐतिहासिक दशहरा पर्व की तैयारियों का जायजा लेने दशहरा आयोजन समिति के अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल अधिकारियो के साथ दशहरा मैदान पहुँचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस बात पर विशेष ध्यान दिया कि दशहरा पर्व को देखने आने वाले आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, जनता बैठकर रावण दहन देखे। उन्होंने मैदान की साफ-सफाई की व्यवस्था सहित प्रकाश व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्व के दिन लोगो को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो, ये पहली प्राथमिकता रहेगी। विधायक विवेक पटेल के कहा कि पिछले वर्ष रावण, मेघनाथ और कुम्भकर्ण का पुतला दहन किया गया था। इस वर्ष समिति के निर्णय पर सिर्फ रावण के पुतले का ही दहन किया जाएगा।

**हनुमान स्वरूप मुकुट धारण करेंगे शिवम बुधरानी** : वारासिवनी नगर में दशहरा पर्व पर निकलने वाले चल समारोह में भगवान हनुमान जी के स्वरूप को धारण करने की परम्परा है। जिसका साधको को इंतजार रहता है। इस वर्ष साधक शिवम बुधरानी को सौभाग्य मिला है, जो अब पूरे नौ दिन दशहरे, रावण दहन और भगवान श्री राम के राज्यभिषेक तक मंदिर में रह रहे हैं।

दशहरा आयोजन समिति अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि दशहरा पर्व पर रावण दहन देखने आने वालो के लिए दशहरा मैदान पर आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम भी रखा गया है। नगर के श्री राम मंदिर से चल समारोह निकाला जाएगा, जो गाँधी चौक,गोलीबारी चौक, अम्बेडकर चौक, नेहरू चौक, जय स्तम्भ चौक, बस स्टेण्ड होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगा । जहाँ अहंकारी रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। चल समारोह में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ की शिव तांडव और राधा कृष्ण की चलित झाकी देखने को मिलेगी। पिछले वर्ष की अपेक्षा और ऐतिहासिक तौर पर दशहरा पर्व को मनाया जाएगा।





सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति तकिया वार्ड छपारा



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति झंडा चौक छपारा



पुरानी के गल्ला के पीछे गंज मोहल्ला मे विराज माँ शकुम्बरी माता



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति कुम्हारी वार्ड छपारा



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति माता वार्ड छपारा



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति नवोदित मंडल छपारा

## एक-दिन, एक-घंटा, एक-साथ स्वच्छता के लिये श्रमदान कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अंतर्गत वृद्ध आश्रम सिवनी में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कार्य किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन , नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया , नगर पालिका सीएमओ विशाल सिंह मस्कोले, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी , निकाय के पार्षदगण एवं अभिषेक दुबे , युवराज राहंगडाले , सहित नगर पालिका प्रशासन की टीम एवं वार्ड के नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### खबर संक्षेप

## सड़क हादसे में किसान घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बंडोल थाना क्षेत्र के बाईपास पर सुबह एक सड़क हादसा हुआ। छपारा से सिवनी जा रहे किसान 40 वर्षीय संतोष गंजाम की बाइक अनियंत्रित होकर पत्थर से टकरा गई। जिसके बाद वह जमीन पर गिरकर घायल हो गए। उन्हें सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। दुर्घटना स्थल पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। घटना के समय यदि वहां अधिक भीड़ होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है। इसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# नो एंट्री में वाहन चलाने वाले दो वाहन चालकों पर 10000 का जुर्माना

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के निर्देशन में नवरात्र पर्व को देखते हुए थाना यातायात के द्वारा भारी वाहनों के चालकों पर नियमों के उल्लंघन करने पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



नवरात्रि पर्व को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु यातायात पुलिस सिवनी द्वारा निरंतर प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम मे दिनांक 24.9.2025 को यातायात चेकिंग टीम द्वारा दो भारी वाहनों MP09G9585 एवं AP39WD0033 के प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन पाए जाने के कारण प्रत्येक पर 5000-5000 का जुर्माना लगाते हुए ₹10000 का समन शुल्क वसूल किया गया।

### इधर, बरघाट रोड में आदेशों की अवज्ञा घर बस प्रवेश कराए जाने पर बस पर 2000 का जुर्माना

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी महोदय सिवनी द्वारा बरघाट रोड पर बेसन के आवागमन को प्रतिबंधित किया गया है, दिनांक 24.9.25 को यात्री बस क्रमांक MP50ZD 4954 के चालक द्वारा आदेश की अवज्ञा करते हुए ब बरघाट घाट रोड में प्रवेश किया गया, जिससे उक्त वाहन के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत₹2000 का जुर्माना किया गया। समस्त बस संचालकों से अपील है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी महोदय के आदेश का पालन करें ऐसा न करने पर भविष्य में और सख्त कार्रवाई की जावेगी उक्त बरघाट रोड मार्ग पर गांधी भवन चौक से लेकर बरघाट नाका डुंडा सिवनी तक बसों एवं भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः निषेध है।

## ग्राम एरपा में अटल पेंशन योजना अंतर्गत आयोजित शिविर



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लारोकर के मार्गदर्शन में अटल पेंशन शिविर आयोजित किए जा रहे है।इसी तारतम्य में आज दिनांक 25/9/25 को ग्राम एरपा सिवनी में अटल पेंशन योजना अंतर्गत आयोजित शिविर में लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाएं जिनका अटल पेंशन योजना में नाम पंजीबद्ध नहीं है उन्हें चिन्हित कर मौके पर ही अटल पेंशन योजना में पंजीबद्ध किया गया। आयोजित शिविर में उपस्थित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सेवाएं, मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित हब, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स की जानकारी प्रदान की गई।आज के कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर श्रीमती वर्षा बेस, पर्यवेक्षक श्रीमती चंद्रकांता भलावी,पर्यवेक्षक श्रीमती रचना ठाकुर, ग्रामीण बैंक से बैंक मित्र एवं बैंक सखी सहित कार्यकर्ता सहायिका एवं हितग्राही महिलाएं उपस्थित रही।

## नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष नरेश मरावी का गर्म जोशी से स्वागत

**सोनखार(प्रदीप तिवारी)।** सिवनी जिले के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता नवनिर्वाचित नरेश मरावी जी अपने काफिले के साथ उगली प्रथम नगर आगमन पर केवलारी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम उगली पहुंचे जहां पर क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश सिंह के सरपंच संघ के अध्यक्ष श्री पटेल आनंद भगत जनपद सदस्य मोहम्मद शाबीर अंसारी जिला उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर वीरेंद्र राज सिंह दुर्गेश नागेश्वर सरपंच भुवनेश्वर देशमुख मुनेश्वर बघेल सुरेश कंगाली रंजीत कुसरे जनपद सदस्य साकेत राज और क्षेत्र के गण मान्य कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता बंधु के साथ स्वागत की स्वागत में उमड़े जनशैलाभ से निश्चित तौर पर कांग्रेस को संभल मिलेगा क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ने जय भीम हरिजन समाज को ₹200000 की राशि की घोषणा की उगली नगर में पहुंचते ही श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर बाजार चौक उगली में चरण वंदन करते हुए नवरात्रि के पावन अवसर पर उगली की महारानी जगत जननी मां दुर्गे का पूजन अर्चन अपने कार्यकर्ताओं के साथ किया, इस कार्यक्रम में उगली,सरेखा, पां. छपारा क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जिला चिकित्सालय में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**जिला चिकित्सालय सिवनी के मीटिंग हॉल में 25 सितंबर गुरुवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर एवं सिविल सर्जन डॉ. विनोद नावकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

### फार्मासिस्ट ने ली शपथ



कार्यक्रम में जिला अस्पताल एवं जिले भर से आए फार्मासिस्ट शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संजय दुबे ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद फार्मासिस्टों ने सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण की, जिसमें उन्होंने मरीजों को सुरक्षित दवा वितरण, सही परामर्श, दवाओं के दुष्प्रभाव की जानकारी देने तथा आमजन में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।सीएमएचओ डॉ.जयपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनका योगदान मरीजों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में अहम है और स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे केवल दवा वितरक नहीं बल्कि मरीजों को सही दवा, सही समय और सही मात्रा में उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके मार्गदर्शक भी होते हैं। वहीं सिविल सर्जन डॉ. विनोद नावकर ने फार्मासिस्टों को मरीजों से संवाद बढ़ाने और जनजागरूकता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।आधुनिक तकनीक, नई दवाइयाँ और बढ़ती बीमारियों के बीच फार्मासिस्ट एक मार्गदर्शक की तरह कार्य करते हैं। मैं इस अवसर पर सभी फार्मासिस्ट साथियों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि स्वास्थ्य विभाग सदैव आपके साथ है। हम सब मिलकर एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी रामजी भलावी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में फार्मासिस्ट चिकित्सक और मरीज के बीच एक सेतु की तरह काम करते हैं। उनकी मेहनत, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना ही स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और विश्वसनीय बनाती है। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी राम जी भलावी,महेन्द्र डेहरिया (अस्पताल प्रबंधक),स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष संजय दुबे,लोमेश्वर धाकते,राकेश मोहन श्रीवास्तव,कृष्णभुवन सिसोदिया, संजय तिवारी,जी. एस.बघेल,स वाति शिवहरे, अभिषेक पचौरी,ज्योत्सना डेहरिया, राजेश चौकसे,सुरेंद्र खरे,संतोष यादव,सतेंद्र उइके,अनिल पन्द्रे,अजय गुप्ता,सौरभ,योगेंद्र साहू,अवनेश ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डी.एस.पी श्रीमती नम्रता सोंधिया ने सांदीपनि विद्यालय मुर्गहाई (धनौरा) के छात्र छात्राओं से किया संवाद



**धनौरा 25 सितंबर 2025।** सांदीपनि विद्यालय मुर्गहाई (धनौरा) में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित ₹सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत आज एक विशेष संवाद(सक्षम संवाद भविष्य की और) सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप म डी.एस. पी(अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ,घंसौर/धनौरा) श्रीमती नम्रता सोंधिया उपस्थित रही। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं अभिवादन व्यक्त कर डी एस पी श्रीमती नम्रता सोंधिया का अभिनंदन किया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं ने अपने भविष्य, करियर और पुलिस सेवा से जुड़े कई प्रश्न पूछे। डी .एस.पी. महोदया ने बच्चों के सवालों का उत्तर सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से दिया और अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने पुलिस सेवा के चार कैडरों की जानकारी देते हुए छात्राओं को कठिनाइयों से न घबराकर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# कांग्रेस मेरी मां है मेरा जीवन कांग्रेस के लिए है - नरेश मरावी

**केवलारी। जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद विधानसभा मुख्यालय मे नरेश मरावी का प्रथम आगमन पर प्रमोद मोदी ब्लॉक अध्यक्ष के मार्गदर्शन में भव्य स्वागत कार्यक्रम व विशाल कार्यकर्ता मिलन समारोह नर्मदा लॉन मे आयोजित हुआ।**

24 सितम्बर को विधायक ठाकुर रजनीश सिंह व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल के साथ पहूंचे जिलाध्यक्ष नरेश मरावी का पुष्प वर्षा कर कांग्रेस जनों ने भव्य स्वागत किया। मिलन समारोह मे ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद मोदी ने शाल श्रीफल से विधायक, जिलाध्यक्ष,रमेश साहू वरिष्ठ नेता का श्रीफल शाल से स्वागत किया।तत्पश्चात बारिष्ठ नेताओं, मोर्चा प्रकोष्ठ संगठनो के पदाधिकारियों, मंडलम अध्यक्षो, प्रभारियों, सेक्टर अध्यक्षों प्रभारीयो, बुथ अध्यक्षो ने पुष्प माला पहनाकर जिलाध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि केवलारी का कार्यक्रम अद्वितीय हैं में इस स्वागत कार्यक्रम का हमेशा ऋणी रहुंगा, -जीतू पटवारी, राहुल गांधी जी ने मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष पद पर असीन किया है इसमे कांग्रेस सृजन मिशन की मोहर साफ साफ दिखाई दे रही है लगी।अब नेताओं के स्लीपर सेल व रिश्तेदारी से संगठन तक पहूंचाना सम्भंव नहीं है । आप के परिश्रम ओर त्याग को कांग्रेस की तीसरी आंखें देख रही है इसीलिए कांग्रेस के लिए समर्पित रहो आप भी पदासीन होगे, कांग्रेस तो मेरी माँ है ओर इसके चरणों मे मेने अपना जीवन समर्पित कर दिया है।



ठाकुर रजनीश सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश की ऐसी लोक तांत्रित विचारधारा है जिसमें राष्ट्रहित सर्वोपरी है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को उठाने का लक्ष्य रखती है।नरेश मरावी जमीनी कार्यकर्ता है इनका जिलाध्यक्ष पद पर आसीन होना मतलब कांग्रेस का मजबूत होना है।राहुल गांधी जी, जीतू पटवारी जी,मोहन मरकाम जी,उमंग सिंगार जी,हरीश चौधरी जी का बहुत बहुत धन्यवाद है। मिलन समारोह को डा रामेंद्र सिंह ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष कान्हीबाडा, प्रमोद मोदी ब्लॉक अध्यक्ष केवलारी, दिलीप दुबे पूर्व सचिव प्रदेश कांग्रेस, राजेंद्र सिंह राजपूत मंडलम अध्यक्ष अहरबाडा, सुभाष बघेल पूर्व जनपद अध्यक्ष, गिरीश गजेंद्र ब्लॉक अध्यक्ष हरिजन प्रकोष्ठ,मुकेश सिंह राजपूत जनपद सदस्य छींदा, राजेश पटेल सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष, सुरेंद्र भलावी ब्लॉक अध्यक्ष आदिवासी प्रकोष्ठ, शुभम पटेल युवा नेता,पप्पू यादव अर्जुनझिर ने संबोधित किया एवं मंच का सफल संचालन रमाशंकर महोबिया महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी ने किया, आज के इस आयोजन मे सैकडो की संख्या में उपस्थित कांग्रेस जनों का आभार मनीष जैन नगर अध्यक्ष ने करते हुए कहा कि कार्यक्रम में सम्मिलित नेताओं, कार्यकर्ताओ का एवं दिन रात मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाने बाले सभी साथियों का हृदय से धन्यवाद है।

### लालबर्रा बस स्टैंड में हुई घटना, छुट्टी नहीं देने को लेकर गहराया विवाद

# नेवरगांव(ला.)हायर सेकेंडरी स्कूल शिक्षा का मंदिर या शिक्षक- शिक्षिकाओं की आशिकी का अड्डा

**व्यवसायिक शिक्षक विरेन्द्र ब्रम्हे ने मारपीट कर उच्च माध्यमिक शिक्षक नवीन कुमार लोढ़ा को किया लहूलुहान, तो विरेन्द्र ब्रम्हे भी हुए चोटिल**



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बालाघाट।लालबर्रा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव(ला.)में पदस्थ दो शिक्षकों के बीच लालबर्रा बस स्टैंड में मारपीट कर लहूलुहान करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस थाना लालबर्रा व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव (ला.) से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव(ला.) में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक नवीन कुमार लोढ़ा 24 सितंबर को शालेय प्रभार पर थे। विदित हो कि संस्था के प्रभारी प्राचार्य आर.के.कटरे बीएलओ का प्रशिक्षण देने बालाघाट गये हुए थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार शाला में पदस्थ महिला शिक्षिकाओं ने 24 सितंबर को बस न होने के कारण समय से पहले घर जाने के लिए आवेदन दिया गया और शालेय प्रभारी प्राचार्य नवीन कुमार लोढ़ा ने महिला शिक्षिकाओं को छुट्टी दे दी। परन्तु शाला में पदस्थ व्यवसायिक शिक्षक विरेन्द्र ब्रम्हे ने भी श्री लोढ़ा से महिला शिक्षिकाओं के साथ ही स्वयं जाने हेतु आवेदन दिया तो प्रभारी प्राचार्य श्री लोढ़ा ने व्यवसायिक शिक्षक को यह कहा कि सभी पुरुष शिक्षक नियत समय 5 बजे के बाद ही जाएँगे।व्यवसायिक शिक्षक को समय से पहले घर जाने नहीं दिए जाने का मलाल मन में पालकर रखा।वहीं जब नियत समय उपरांत छुट्टी होने पर प्रभारी प्राचार्य अपने एक सहयोगी शिक्षक के साथ लालबर्रा तक दोपहिया वाहन से आये और लालबर्रा से अपने गंतव्य बालाघाट जाने के लिए शाम लगभग 5.15 बजे कृष्णा बस में बैठते ही में पहले से ही बैठे विरेन्द्र ब्रम्हे ने नवीन कुमार लोढ़ा को गन्दी-गंदी गालियां देते हुए हाथ-मुक्कों से मारकर लहूलुहान कर दिया।वहीं आरोपी व्यवसायिक शिक्षक मौके पर अपना आपा खोकर लड़की को छेड़ता है बार-बार बोलकर बोलने लगा कि यदि दुबारा मुझे छुट्टी नहीं दी तो जान से मारकर खत्म कर दूंगा।पुलिस थाना लालबर्रा द्वारा पीड़ति नवीन कुमार लोढ़ा की शिकायत पर आरोपी विरेन्द्र ब्रम्हे के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता(2023) की धारा 115(2),296,351(2)के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामलें की जांच सहायक उप निरीक्षक दुर्गाप्रसाद जिजोते को सौंपी है।अपुष्टीय लेकिन विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्था में पदस्थ दोनों ही शिक्षकों के बीच वैमनस्यता की आंधी बीते दो वर्षो से शाला परिसर में कौंध रही थी।जो आज मौका मिलते ही धूल की गुबार की तरह लालबर्रा बस स्टैंड में फैल गया।सनद रहे कि मारपीट में गंभीर रूप से घायल प्रभारी प्राचार्य नवीन कुमार लोढ़ा को सर एवं नाक में अंदरूनी चोटें आने की वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में प्राथमिक उपचार कर श्री लोढ़ा को बेहतर उपचार के लिए बालाघाट रवाना किया गया।विदित हो कि पुलिस थाना लालबर्रा परिसर से जैसे ही घायल श्री लोढ़ा को चिकित्सा जांच के लिए लालबर्रा स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया गया उसके तुरंत बाद ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव(ला.)में पदस्थ आरोपी शिक्षक विरेन्द्र ब्रम्हे घायल प्रभारी प्राचार्य नवीन कुमार लोढ़ा के खिलाफ शिकायत करने पुलिस थाना लालबर्रा पहुंचे। जहां पुलिस ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी घायल हुए प्रभारी प्राचार्य नवीन कुमार लोढ़ा के खिलाफ भी विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनों शिक्षकों की शिकायत पर दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर काउंटर मामला बनाया है।

एक शिक्षक छुट्टी होने के बाद भी एक छात्रा को अकेले में पढ़ाते हैं ऐसी भी जानकारी विद्यालय से मिली है। क्या यह शिक्षकों की कार्यप्रणाली गलत है या सही ? विद्यालयों में इस प्रकार के रंगीन मिजाज शिक्षक रहेंगे तो छात्र-छात्राओं पर क्या असर पड़ सकता है ? शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों क्षेत्र व जिले के विद्यालयों का निरीक्षण करें।

### एक रंगीन मिजाज शिक्षक और एक शिक्षिका पर विद्यालय समय में आशिकी का भूत सवार होने के लग रहे आरोप

नेवरगांव ला विद्यालय में लगभग डेढ़ से 2 वर्ष से एक शिक्षक विरेंद्र ब्रम्हे और एक महिला शिक्षिका के बीच आपस में ज्यादा बातचीत करने और आशिकी वाले अनैतिक संबंध होने के आरोप लग रहे हैं। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने यह जानकारी दी है और प्राचार्य कटरे ने भी बताया कि विगत कुछ माह एक शिक्षक और एक महिला शिक्षिका के बीच ज्यादा बातचीत करने की बात सामने आई थी, जिन्हें फटकार लगाते हुए अपने आचरण में सुधार लाने निर्देशित किया गया था। लेकिन लव स्टोरी में फंसे रंगीन मिजाज आशिकी का भूत सवार वाले एक शिक्षक और एक महिला शिक्षिका अपने अनैतिक आचरण से बाज नहीं आ रहे हैं। इस आशिकी के कारण ही दो शिक्षकों के बीच में विवाद उपजा और विवाद मारपीट तक पहुंच गया।

### विद्यालय में रहा गहमागहमी का माहौल, स्थानीय अधिकारियों के आश्वासन और समझाइश के बाद मानें छात्र-छात्राएं

24 सितंबर को दो शिक्षकों के बीच लालबर्रा बस स्टैंड में हुई मारपीट के बाद उपजे विवाद से नेवरगांव (ला.) के छात्र-छात्राएं नाराज और आक्रोशित हुए, जहां उन्होंने 25 सितंबर को सुबह 10:30 बजे से ही विद्यालय के गेट में तालाबंदी कर दी और विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं को भी अंदर प्रवेश करने नहीं दिया। जहां आक्रोशित और नाराज छात्र-छात्राएं आरोपी शिक्षक विरेंद्र ब्रम्हे और एक महिला शिक्षिका पर कठोर कार्रवाई कर यहां से स्थानांतरण कर निलंबित करने की एवं प्रभारी प्राचार्य नवीन कुमार लोढ़ा को न्याय दिलाने की मांग पर अड़े रहे, जहां सुबह 10:30 से लगभग 1:00 बजे तक विद्यालय परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा। स्थानीय शिक्षकों की समझाइश के बाद भी छात्र-छात्राएं नहीं मानें, तो विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्रीराम तुरकर,विकासखंड शिक्षा अधिकारी यादोराव गजभिये, तहसीलदार आकाश अग्रवाल, नायब तहसीलदार कन्हैयालाल टेकाम, थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी को सूचित किया गया इसके बाद यह सभी स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी नेवरगांव विद्यालय पहुंचे जहां स्थानीय शिक्षकों की मौजूदगी में अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं की समस्या व नाराजगी का कारण जाना और समझाइश देकर उपजे विवाद की जड़ शिक्षक वीरेंद्र ब्रम्हे और एक महिला शिक्षिका की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देकर समझाइश दी, जिसके बाद छात्र-छात्राएं मान गये और 1:00 बजे के बाद स्कूल प्रारंभ हुआ।

विद्यालयों की किसी भी मामले की समस्या पर जब संबंधित जिम्मेदार विकासखंड शिक्षा अधिकारी से किसी भी मामले पर उन्हें अवगत कराना चाहा जाता है तो एवं किसी समाचार को लेकर उनका पक्ष जानना चाहा जाता है तो वह मीडिया का फोन रिसीव करना उचित नहीं समझते हैं। लालबर्रा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड शिक्षा अधिकारी के ढुल मुल रवैये के कारण एवं क्षेत्र में प्रवास नहीं करने के कारण विद्यालयों में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होती है।

### इनका कहना है

मैं बीएलओ को प्रशिक्षण देने बालाघाट गया था।आज 24 सितंबर को वरिष्ठ उच्च माध्यमिक शिक्षक नवीन कुमार लोढ़ा को शालेय प्रभार था।लालबर्रा में हुई इस घटना की उन्हें जानकारी मिली,इस प्रकार की मारपीट की घटना का होना।संस्था की छवि को धूमिल करती है।

**आर.के.कटरे, प्राचार्य**
**शाउमावि नेवरगांव(ला.)**

आज रात्रि लगभग 7 बजे नवीन कुमार लोढ़ा को चिकित्सा जांच हेतु केंद्र लाया गया, जहां स्वयं मेरे द्वारा प्रथम दृष्टया जांच उपरांत पाया गया कि श्री लोढ़ा को सर और नाक में अंदरूनी चोटें आई है।उनका प्राथमिक उपचार कर एक्सरे और बेहतर उपचार हेतु बालाघाट जाने की सलाह दी गई है। तो वहीं दूसरे शिक्षक विरेंद्र ब्रम्हे की भी उंगलियों में मामूली चोट आई है।

**डॉ. सुश्री ऋतु धुर्वे,**
**खंड चिकित्साधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा**

दोनों शिक्षकों की शिकायत पर दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**सुनिल चतुर्वेदी**
**थाना प्रभारी लालबर्रा**

## श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित के प्रसंग सुन -भाव विभोर हुए भक्त



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दुसरे दिन कथा वाचक आचार्य पं. श्याम शुभम जी महाराज वृदा धाम द्वारा अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन गुरुवार को कथा वाचक ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए।

उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया।

कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जम कर झूमें। कथा में दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिला-पुरूष कथा सुनने पहुंचे। कथा आयोजक ठाकुर जितेंद्र सिंह चौहान अध्यक्ष, निवेदक ग्राम स्थाई पटेल मानिक राम बिसेन ,सरपंच संतोष सिंह खरे ग्राम पंचायत आमगांव तथा आयोजन समस्त ग्रामवासी के सहयोग से संपन्न किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में किया गया आयोजन

**बालाघाट।** 56 वें राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में 24 सितम्बर को आयोजन किया गया । कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे डॉ. अशोक मरठे प्राचार्य शास.जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट, विशेष आमंत्रित अतिथियों में श्री एलसीजैन प्राध्यापक पीजी कॉलेज बालाघाट प्रथम जिला संगठक, श्री पी.के.जैन प्राध्यापक, श्री वाय.एस.कस्बे प्राध्यापक, डॉ. एएल शरणागत प्राध्यापक की उपस्थिति में संपन्न हुआ । इस दौरान गायन शिक्षक अभिजीत सिंह ठाकुर व वादन शिक्षक मयंक बसेने के निर्देशन में एन.एस.एस. के स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत की संगीतमय प्रस्तुति दी । संस्था प्राचार्य ने एन.एस.एस. स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों , शिक्षकों व सम्माननीय अतिथियों का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विचार व्यक्त किए, तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा एन.एस.एस. प्रतिवेदन का वाचन किया गया।



आदर्श नवदुर्गा उत्सव समिति गर्रा चौक (बालाघाट)

## भारत माता तिरंगा यात्रा में छाया देशभक्ति का उल्लास

**बालाघाट।** भारत माता की प्रतिमा के साथ निकली तिरंगा यात्रा में राष्ट्रभक्ति का उल्लास छाया रहा। नगर पालिका परिषद बालाघाट के तत्वावधान में 25 सितंबर को उत्कृष्ट विद्यालय सभागार से निकली इस यात्रा में गणमान्य नागरिकों के साथ ही भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शालेय छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। भारत माता के जयकारों और देशभक्ति गीतों से शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। विशाल तिरंगा यात्रा में हाथों में तिरंगा थामे एवं स्वच्छता के साथ ही स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी के लिये भी आमजनों को प्रेरित किया गया। नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में देशभर में चल रहे सेवा पर्व तथा स्वच्छोत्सव को लेकर भी आयोजन हुआ। २५ सितंबर को 3.30 बजे के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय से निकली भारत माता तिरंगा यात्रा में सर्वप्रथम जबलपुर विधायक अभिलाष पाण्डेय के द्वारा स्वच्छता प्रेरक शपथ दिलाई गई एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अभियान के तहत स्वदेशी सामान की खरीदी के लिये भी शपथ दिलाई गई।

### भरवेली, उकवा, तिरोडी सहित अन्य खदानों में अभियान

## मॉयल में स्वच्छता ही सेवा पखवाडे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भारत सरकार के मिनी रत्न सरकारी उपक्रम मॉयल लिमिटेड ने केन्द्र सरकार की पहल पर स्वच्छता ही सेवा 2025 के अवसर पर व्यापक स्वच्छता अभियान भरवेली, उकवा, तिरोडी सहित सभी खदानों में चलाकर एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अभियान के अंतर्गत कंपनी ने न केवल अपने कार्यक्षेत्र में बल्कि आसपास की कॉलोनियों, बाजारों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर भी सफाई गतिविधियां चलाई। कर्मचारियों, उनके परिवारों और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी से इस पहल को और मजबूत बनाया।

मॉयल का मनना है कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। यही भावना स्वच्छता ही सेवा को सार्थक बनाती है। आवासीय क्षेत्रों की साफ सफाई से लेकर सब्जी मंडियों और सड़क किनारों पर निस्तारण तक हर छोटी गतिविधि समाज में एक बडे बदलाव का हिस्सा बनती है। इन प्रयासों से वातावरण स्वच्छ व स्वस्थ बनता है साथ ही लोगों में व्यक्तिगत स्तर में सफाई का महत्व भी बढता है। कंपनी ने बाग बगीचों की सफाई और सौन्दर्यीकरण कार्य भी किये, जिससे सार्वजनिक स्थान ज्यादा आकर्षक और उपयोगी बन सके। वहीं सामुहिक शौचालयों की साफ सफाई और रखरखाव पर भी जोर देकर सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी गई। इस अवसर पर जागरूकता रैलियों, शपथ ग्रहण कार्यक्रमों व संवाद सत्रों का भी आयोजन हुआ। जिनके स्वच्छ व सतत जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। मॉयल का यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहा। बल्कि इसमें जिम्मेदार उपभोग और अपशिष्ट प्रबंधन पर भी ध्यान दिया गया। प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पुनर्चक्रण की आदत डालने के लिये लोगों को प्रेरित किया गया। इस प्रकार, स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत किये गये प्रयासों से स्वच्छता को लोक आंदोलन बनाने की दिशा में एक ठोस कदम रखा। स्वच्छता अभियान से यह स्पष्ट संदेश गया कि यदि हम मिलकर काम करें तो न केवल अपने परिवेश को सुन्दर बना सकते है बल्कि आने वाली पीढियों को एक स्वस्थ व टिकाऊ भविष्य भी दे सकते है। यही मॉयल का संकल्प है। स्वच्छता में सेवा, सेवा में स्थिरता।

### भरवेली में आज कॉमेडियन वी आई पी का कार्यक्रम

**बालाघाट।** मॉयल सार्वजनिक दुर्गाउत्सव समिति भरवेली द्वारा नवरात्रि पर्व पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 सितम्बर, शुक्रवार को आर्केस्ट्रा नागपुर अपनी संगीतमय प्रस्तुति देगा। साथ ही प्रसिद्ध मिमिक्री कलाकार वीआईपी भी कार्यक्रम में अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लेंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्रि पर्व को विशेष बनाने के लिए प्रतिदिन धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे परिवार सहित मंदिर प्रांगण में आकर मां दुर्गा के दर्शन करें और संगीतमय कार्यक्रम का आनंद उठाएं। समिति का कहना है कि सामूहिक सहभागिता से न केवल सांस्कृतिक परंपरा को बल मिलेगा बल्कि समाज में आपसी भाईचारा भी मजबूत होगा।

## अमई स्कूल में लगाए गए फलदार पौधे, सुरक्षित रखने का लिया संकल्प

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय अमई में स्कूल प्रबंधन के द्वारा बुधवार को फलदार पौधे लगाए कर उनकी सुरक्षा करने का निर्णय लिया गया। तथा लगाए गए पौधो की देखभाल करने के लिए संकल्पित हुए एंव मवेशी से बचाने के लिए टी गार्ड लगाया गया।स्कूल प्रबंधन के द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़वा देते हुए विद्यार्थीयो को पेड़ पौधो के महत्व को विस्तृत रूप से बताया एंव समय-समय पर पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में कक्षा बारहवी के कृषि संकाय के अध्ययनरत विद्यार्थीयो का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य योगराज साकरे, अध्यापक श्याम पटले, अरुण भोंडेकर सहित विधार्थी मौजूद रहे।



## शासकीय महाविद्यालय हट्टा में सामाजिक जागरूकता और स्वदेशी का संदेश दे रहा है सेवा पखवाड़ा अभियान

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक संचालित सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय हटा में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान प्राचार्य मुकेश बिसेन के मार्गदर्शन और कार्यक्रम प्रभारी बसंत दशरिये के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। प्राचार्य मुकेश बिसेन ने कहा – "विद्यार्थियों की वास्तविक शिक्षा वही है, जो उन्हें समाज के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाए।"सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार- 22 सितंबर को आयोजित व्याख्यान में श्रीमती श्वेता नेमा ने कहा – "समाज की तरक्की अंधविश्वासों से मुक्ति में है", जबकि विशाल दमाहे ने प्रेरक संदेश दिया – "परिवर्तन की शुरुआत हमेशा युवा पीढ़ी से होती है।"स्वदेशी को मिला बल- 23 सितंबर को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग एवं उत्पादन विषय पर व्याख्यान और जन-जागरण रैली निकाली गई। इस अवसर पर श्री मीताराम लिलहारे ने कहा – "स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को सशक्त बनाओ", वहीं विनोद शेंडे ने युवाओं को प्रेरित किया – "स्थानीय उत्पादन ही आत्मनिर्भर भारत की असली नींव है।"लघु एवं कुटीर उद्योगों की ओर युवाओं का रुझान- 24 सितंबर को आयोजित व्याख्यान में अक्षय मंडराहा ने कहा – "छोटे उद्योग बड़ी संभावनाओं का द्वार खोलते हैं", श्रद्धा चौधरी ने बताया – "कुटीर उद्योग गाँव की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं",



और वर्षा ऐडे ने युवाओं का आह्वान किया – "रोज़गार सृजन का सबसे बड़ा जरिया हमारे स्थानीय उद्योग ही हैं।"अभियान का व्यापक प्रभाव- स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं श्रमदान से जुड़ी गतिविधियाँ भी निरंतर आयोजित की जा रही हैं। यह अभियान विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों और कर्तव्यपरायणता को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय समुदाय को भी जागरूक कर रहा है।आगामी दिनों में भी इस अभियान के अंतर्गत प्रेरणादायी और समाजोपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### लालबर्रा तहसीलदार में कहा जल्द करेंगे रेत चोरों पर कार्रवाई

## कंजई स्थित मोक्षधाम नाले से भारी पैमाने पर हो रहा रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन

### किसानों को तहसीलदार से कार्रवाई की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा अंतर्गत ग्राम कंजई स्थित मोक्ष धाम के पास से गुजरने वाले नाले से प्रतिदिन सुबह 4:00 बजे से लेकर 8:00 बजे तक भारी पैमाने पर रेत की चोरी हो रही है। किसानों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि नाले से हो रही रेत की चोरी को रोका जाए, प्रतिदिन भारी पैमाने पर हो रहे रेत के खनन के चलते नाला गहरा हो चुका है जिससे किसानो की खेती खराब हो रही है मेड खसक रही है जिससे किसान दुखी दिखाई दे रहे हैं किसान मीडिया के माध्यम से अपनी आवाज जिला प्रशासन तक पहुंचाना चाहते हैं ताकि नाले से हो रही रेत की चोरी को रोका जाए। मामले से जिला प्रशासन को भी अवगत करा दिया गया है बावजूद इसके अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिससे किसानों में मायूसी देखी जा रही है उनका कहना है कि प्रशासन अपनी जिम्मेदारियां को क्यों नहीं निभा पा रहा है.. सवाल इस बात का है कि खनिज संपदा की चोरी हो रही है राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है फिर भी जिम्मेदार है कि सिर्फ करवाई का भरोसा ही दिला रहे हैं।


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Satpura Bhoomi - 22 Sep 2025 - Page 4
कंजई मोक्षधाम स्थित राजस्व, नाले से हो रही रेत की चोरी, शासन को हो रही राजस्व हानि
राजस्व और खनिज विभाग की निष्क्रियता? किसान परेशान!

पीड़ित किसानो की उम्मीद है कि प्रशासन अपने कर्तव्यों का भली भांति निर्वहन करेगा और जल्द ही रेत चोरी पर अंकुश लगाएगा ढ्ढदैनिक हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा 22 सितंबर 2025 के अपने अंक में कंजई स्थित मोक्ष धाम स्थित नाले से रेत के अवैध उत्खनन पर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है लालबर्रा तहसीलदार में कार्रवाई का भरोसा दिलाया है अब देखना होगा कि तहसीलदार किसानो की समस्याओं पर कितने गंभीरता से कार्रवाई करते हैं ज़ो आने वाले दिनों में देखना होगा।